विविध साधारण बीमा पॉलिसियाँ

30. साधारण बीमा निधि से संबंधित विभिन्न बीमा पॉलिसियों का संचालन किस बजट मद से किया जाता है?

समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा (राज्यकर्मी) योजना का संचालन बजट मद 8011–00–107–01 से किया जाता है। साधारण बीमा से संबंधित अन्य समस्त बीमा पॉलिसियों का संचालन बजट मद 8011–00–105–02–01 से किया जाता है।

31. साधारण बीमा निधि द्वारा संचालित विभिन्न पॉलिसियों में जोखिम वहन किस दिनांक से किया जाता है?

भारतीय बीमा अधिनियम 1938 की धारा 64 वी.बी. के अनुसार अग्रिम प्रीमियम प्राप्त हुए बिना जोखिम वहन नहीं की जा सकती है। अतः नवीन पॉलिसी के मामले में प्रीमियम प्राप्त होने की दिनांक से जोखिम वहन की जाती है। वर्तमान पॉलिसी के नवीनीकरण की स्थिति में वर्तमान पॉलिसी के समाप्त होने के अगले दिवस या प्रीमियम प्राप्ति की दिनांक, जो भी बाद में हो, से जोखिम वहन की जाती है।

32. साधारण बीमा निधि द्वारा किया जा रहा बीमा व्यवसाय किन अधिनियमों पर आधारित है?

भारतीय बीमा अधिनियम 1938 एवं भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास अधिकरण अधिनियम 1999

33. साधारण बीमा निधि की जिन पॉलिसियों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देय होता है, वहाँ पर जी. एस. टी. की दर क्या है?

वर्तमान में यह दर 18 प्रतिशत है।

34. साधारण बीमा निधि द्वारा जारी फिडिलिटी इंश्योरेंस के तहत स्टोरकीपर एवं कैशियर के लिए अधिकतम कितनी राशि का बीमा किया जाता है एवं प्रीमियम दर क्या है?

स्टोरकीपर 20,000/–रूपये प्रीमियम 100/– रूपये

कैशियर 35,000/–, 50,000/–रूपये प्रीमियम 175/– रूपये, 250/– रूपये

- नोटः प्रीमियम दर 5 रूपये प्रति एक हजार रुपये बीमाधन

35. फिडिलिटी इंश्योरेंस के तहत बीमा की विषयवस्तु क्या है?

संबंधित स्टोरकीपर/कैशियर द्वारा किये गये कपटपूर्ण/फर्जी कृत्य के कारण संस्थान को हुई मौदिक क्षति की क्षतिपूर्ति (बीमाधन की सीमा तक) संबंधित संस्थान को की जाती है।

36. साधारण बीमा निधि द्वारा अन्य कौनसी बीमा पॉलिसियाँ जारी की जा रही है?

राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्ड, निगमों, कम्पनी सहकारी संस्थाओं स्वायत्तशामी निकायों की संपत्तियों के बीमा हेतु मनी, बर्गलरी. मरीन–ट्रांजिट सीपीएम– लोको, वर्कमैन कम्पनसेशन, इत्यादि पॉलिसियाँ भी साधारण बीमा निधि कार्यालय द्वारा जारी की जा रही है। इनका दावा निस्तारण भी साधारण बीमा निधि कार्यालय द्वारा ही किया जाता है।

37. क्या साधारण बीमा निधि द्वारा वर्तमान में कुछ पॉलिसियों से संबंधित व्यवसाय को स्थगित किया हुआ है?

हाँ, राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना 01.08.2011 से फायर, बॉयलर एवं एविएशन इंश्योरेंस का तथा 26.06.2014 से मोटर इंश्योरेंस का कार्य साधारण बीमा निधि कार्यालय द्वारा स्थगित किया गया है।